दिनांकः 24.06.2026 समय: 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ बैठक की - तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया।
- प्रदेश में गोवंश को लम्पी रोग से बचाने के लिए राज्य स्तरीय निःशुल्क टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण आज से शुरु हो रहा है।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर के सांगानेर में 631 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 1 हजार 538 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।
- केन्द्र सरकार ने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे दावों को निराधार बताया - कहा - यह पूरी तरह से वैज्ञानिक है।
- राज्य में प्री-मॉनसून गतिविधियों ने एक बार फिर जोर पकड़ा-आज जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा और बीकानेर संभागों में तेज बारिश का अलर्ट।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान श्री मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसी साझा चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स समूह की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी सदस्य देशों के बीच अधिक एकजुटता और सहयोग की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान सदस्य देशों के बीच व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

000

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि अब समय केवल उत्पादन बढ़ाने का नहीं, बल्कि भारतीय उत्पादों और ब्रांडों को वैश्विक पहचान दिलाने का है। कल नई दिल्ली में वैश्विक बाजारों के लिए वस्त्र विषय पर दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि भारत की गुणवत्ता, नवाचार और क्षमता को दुनिया के हर बाजार तक पहुंचाना सरकार का संकल्प है। श्री सिंह ने कहा कि देश के विभिन्न राज्य और वस्त्र क्षेत्र के सभी हितधारक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, और आने वाले वर्षों में यह गति और तेज होगी। केंद्र, राज्य, जिले तथा उद्योग जगत के सामूहिक प्रयासों से उत्पादन, निर्यात और मूल्य संवर्धन के नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।

000

गौरतलब है कि वस्त्र मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात को 37 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। सम्मेलन में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

000

प्रदेश में गोवंश को लम्पी रोग से बचाने के लिए राज्य स्तरीय निःशुल्क टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ब्यावर की एक गौशाला से इसका शुभारंभ करेंगे। पशुपालन विभाग ने बताया कि यह वायरस मक्खी, मच्छर और किलनियों के जरिए फैलता है। विभाग ने सभी पशुपालकों से गोवंश का समय पर टीकाकरण कराने और बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करने की सलाह दी है। गौरतलब है कि साल 2022-23 में इस बीमारी के कारण राज्य में लगभग 76 हजार गोवंश प्रभावित हुआ था।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 631 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 1 हजार 538 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें जयपुर-भीलवाड़ा मार्ग के मुहाना मोड़ जंक्शन पर 124 करोड़ रुपये का फ्लाई-ओवर और बंबाला क्षेत्र में 88 करोड़ रुपये के सीवरेज और एसटीपी कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इसके अलावा, भांकरोटा में नए ट्रोमा सेंटर और पृथ्वीराज नगर में सेटेलाइट अस्पताल का भी शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जेडीए, नगर निगम, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और शिक्षा से जुड़े 208 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री स्वच्छता कार्यों को गति देने के लिए अत्याधुनिक सुपर सकर और मैकेनिकल लिटर पिकर मशीनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी आवासीय भूमि का कानूनी स्वामित्व देने के लिए स्वामित्व कार्ड भी बांटे जाएंगे।

000

केंद्र सरकार ने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे दावों को भ्रामक और निराधार बताया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी तरह से वैज्ञानिक है और सरकार इसकी लगातार निगरानी कर रही है। मंत्रालय ने कहा है कि 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले ई-20 पेट्रोल से वाहनों के इंजन खराब होने की कोई शिकायत सामने नहीं आई है। सोशल मीडिया पर गन्ने का रस सीधे पेट्रोल में मिलाने या ईंधन टैंक के पास चींटियां जमा होने के वीडियो पूरी तरह से झूठे हैं। ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहन का बीमा खत्म होने का दावा भी गलत पाया गया है। सरकार के अनुसार, अमेरिका और ब्राजील जैसे देशों में यह व्यवस्था पहले से ही सफलतापूर्वक लागू है। इस कार्यक्रम से देश में कच्चे तेल के आयात में कमी आई है और 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। साथ ही, कृषि उत्पादों की मांग बढ़ने से किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हुई है।

000

राज्य में प्री-मॉनसून गतिविधियों ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। आज राजधानी जयपुर में सुबह से बादल छाये हुए हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सीकर, झुन्झुनू, करौली, श्रीगंगानगर और भरतपुर में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।

विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा और बीकानेर संभागों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम के इस बदलाव को देखते हुए किसानों के लिए विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। किसानों से खेतों और मंडियों में खुले में रखी पकी हुई फसलों और अनाज को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर ढककर रखने की अपील की गई है।

000

रेलवे ने यात्री अनुशासन को मजबूत करने और यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए नियमों में कई बदलाव किए हैं। बिना टिकट यात्रा करने वालों पर न्यूनतम जुर्माना ढाई सौ रुपये से बढ़ाकर 500 रूपये किया गया है। रेलवे बोर्ड आदेश के अनुसार 20 जून से देशभर में तत्काल प्रभाव से इसे लागू कर दिया गया है। जयपुर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल ने बताया कि सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों में खतरनाक और प्रतिबंधित सामान ले जाने के मामलों में भी सख्ती बढ़ाई गई है। पटाखे, गैस सिलेंडर या विस्फोटक सामग्री ले जाने पर न्यूनतम 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। गंभीर मामलों में आरोपी को जेल भी भेजा जा सकता है। वहीं अन्य व्यक्ति के नाम पर बुक, टिकट पर यात्रा किये जाने पर पूरी यात्रा का किराया और कम से कम 500 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग-आर.पी.एस.सी. ने कॉलेज और चिकित्सा शिक्षा विभाग की विभिन्न भर्तियों के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम जारी कर दिया है। कॉलेज शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य-बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम चरण के साक्षात्कार 2 और 3 जुलाई को होंगे। वहीं, सहायक आचार्य-इतिहास और पुस्तकालय अध्यक्ष के साक्षात्कार 6 से 17 जुलाई तक चलेंगे। सहायक आचार्य-संस्कृत के लिए 6 से 16 जुलाई और शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक के अंतिम चरण के इंटरव्यू 6 से 10 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा विभाग में विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी के लिए सहायक आचार्य के साक्षात्कार 10 जुलाई को होंगे। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है और साक्षात्कार पत्र भी जल्द अपलोड कर दिए जाएंगे।

000